# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 6) (ऊतक)

(कक्षा – 9)

## पेज 87

**प्रश्न 1:**

उस ऊतक का नाम बताएँ जो हमारे शरीर में गति के लिए उत्तरदायी है।

**उत्तर 1:**


पेशी ऊतक शरीर को गति प्रदान करते है। पेशी ऊतक में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन होता है जिसके संकुचन एवं प्रसार के कारण गति होती है।

**प्रश्न 2:**

न्यूरॉन देखने में कैसा लगता है?

**उत्तर 2:**

न्यूरॉन को तंत्रिका कोशिका कहते हैं। यह एक लंबे तंतु जैसा दिखता है। न्यूरॉन में कोशिकाएँ केंद्रक तथा कोशिकाद्रव्य (साइटोप्लाज्म) होते हैं। इससे लंबे, पतले बालों जैसी शाखाएँ निकली होती हैं। प्रत्येक न्यूरॉन में इस तरह का एक लंबा प्रवर्ध होता है, जिसको एक्सॉन कहते हैं तथा बहुत सारे छोटी शाखा वाले प्रवर्ध (डेंडराइट्स) होते हैं। एक तंत्रिका कोशिका 1 मीटर तक हो सकती है।




**प्रश्न 3:**

हृदय पेशी के तीन लक्षणों को बताएँ।

**उत्तर 3:**

हृदय पेशी के तीन लक्षण:

- यह केवल हृदय में पायी जाती हैं तथा यह पेशियाँ जीवन भर संकुचन एवं प्रसार करती हैं।
- यह अनैच्छिक प्रकार की होती हैं अर्थात हमारी इच्छा के नियंत्रण में नहीं होती हैं।
- ये कोशिकाएँ आकर में बेलनाकार, एक केन्द्रकीय तथा शाखाओं वाली होती हैं।

**प्रश्न 4:**

एरिओलार ऊतक के क्या कार्य हैं?

**उत्तर 4:**

एरिओलार ऊतक के कार्य:

- यह अंगो के बीच खाली स्थान को भरता है।
- आंतरिक अंगो को सहारा देकर चोट और झटकों से बचाता है।
- यह ऊतकों की मरम्मत में सहायता करता है।